Scheme of Examination

<u>पुस्तकालय सहायक के रिक्त पदों पर भर्त्ती के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की पद्धति :-</u>

- ❖ **<u>परीक्षा की पद्धति</u> :-** उपर्युक्त सभी पदों के लिए दो चरणों में परीक्षा ली जाएगी । सर्वप्रथम एक कम्प्यूटर आधारित **प्रारंभिक परीक्षा (वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय)** ली जायेंगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों में से **मुख्य परीक्षा (वर्णनात्मक)** ली जायेगी ।
- ❖ ***सभी सातों पदों के लिए प्रारंभिक परीक्षा का पाद्यक्रम समरूप होगा तथा उसके आधार पर एक ही कम्प्यूटर आधारित प्रारंभिक परीक्षा ली जाएगी । इसी प्रारम्भिक परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, सभी सात पदों के लिए नियमानुसार आरक्षणवार अनुवर्ती मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा ।***

(i) <u>प्रारम्भिक परीक्षा :-</u> इस परीक्षा के सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकृति के बहुविकल्पीय होंगे । प्रश्नवार बहुविकल्पीय उत्तरों में से किसी एक उत्तर का चयन अपेक्षित होगा । परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी और कुल 100 प्रश्न होंगे । प्रारंभिक परीक्षा कुल 400 अंकों की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक की कटौती भी की जाएगी । प्रारंभिक परीक्षा में भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा । अगर हिन्दी एवं अंग्रेजी के प्रश्न पत्रों में कोई भिन्नता होगी तो अंग्रेजी के प्रश्न ही मान्य होंगे ।

प्रारंभिक परीक्षा में निम्नांकित विषय होंगे –

(क) सामान्य अध्ययन – प्रश्नों की संख्या 40 होगी ।

(ख) सामान्य विज्ञान एवं गणित – प्रश्नों की संख्या 30 होगी ।

(ग) मानसिक क्षमता एवं तार्किक विचार – प्रश्नों की संख्या 30 होगी ।

- ❖ **इस प्रारम्भिक परीक्षा के अधीन उम्मीदवारों का परीक्षाफल, अनुवर्ती मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा के निमित्त घोषित किया जायेगा । इस निमित्त, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प संख्या 2374, दिनांक 16.07.2007 एवं पत्रांक 6706, दिनांक 01.10.2008 के आलोक में प्रारम्भिक परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40%, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5%, अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए 34% एवं अनुसूचित जाति / जनजाति, महिलाओं तथा दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 32% अर्हतांक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे ।**

    अधिक आवेदन प्राप्त होने पर प्रारंभिक परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है । विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित किये जाने की स्थिति में परीक्षा परिणाम समानीकरण की प्रक्रिया अपनाते हुए तैयार की जायेगी । समानीकरण की प्रक्रिया की जानकारी <u>FAQ (Frequently Asked Questions about Equating of Scores on Multiple Forms)</u> के अन्तर्गत देखी जा सकती है ।

(ii) <u>मुख्य परीक्षा</u>:- प्रारंभिक परीक्षा के माध्यम से कुल उपलब्ध रिक्तियों के लगभग 10 गुणा संख्या के बराबर निर्धारित अर्हतांक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन मुख्य परीक्षा हेतु किया जायेगा ।

- ❖ प्रारंभिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों से मुख्य परीक्षा हेतु अलग से आवेदन पत्र भरवाया जाएगा जिसमें सफल अभ्यर्थियों द्वारा निर्धारित अवधि में परीक्षा शुल्क (मुख्य परीक्षा हेतु) विहित प्रक्रिया से जमा करना होगा । यह

परीक्षा वर्णनात्मक होगी । **मुख्य परीक्षा हेतु अलग से विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा ।** उपर्युक्त सभी पदों के लिए ली जाने वाली मुख्य परीक्षा का सिलेबस बिहार विधान सभा के वेबसाईट www.vidhansabha.bih.nic.in पर प्रकाशित किया जाएगा ।